08

## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–103/2025 12105 /पटना, दिनांक– 1.12.25

संवेदक मो0 सुल्तान, पिता–मो0 शब्बी अकबर (निबंधन संख्याः–4190280 UE), ग्राम–टेढ़ी बाजार, पो0–लाल बाग, लहेरियासराय, जिला–दरभंगा, पिन कोड–846004 को कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 के अधीन एम0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत दो पथ यथा– 1. PWD Road to Islampur Talisker Tola एवं 2. Mazra to Gonhi पथ निर्माण कार्य आवंटित किया गया।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी के पत्रांक 1227, 1226 दिनांक 07.09.2020, पत्रांक 1363 दिनांक 21.09.2020, पत्रांक 380, 381 दिनांक 14.03.2023 एवं पत्रांक 567 दिनांक 23.03.2023 द्वारा उक्त दोनो पथ का एकरारानामा किये जाने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का एकरारनामा करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 के सकारण आदेश ज्ञापांक 399, 400 दिनांक 20.03.2023 द्वारा उक्त कार्यादेश को रद्द करते हुए अग्रधन की राशि को जब्त की गयी।

मुख्य अभियंता–06 (दरभंगा) ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 2400 अनु0 दिनांक 18.05.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक 902 अनु0 दिनांक 12.05.2023 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 के पत्रांक 716 अनु0 दिनांक 11.05.2023 द्वारा संदर्भित पथ का एकरारनामा संवेदक द्वारा नहीं किये जाने के कारण संबंधित संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक मे विभागीय पत्रांक 7252 दिनांक 04.07.2025, पत्रांक 10047 दिनांक 18.09.2025 एवं पत्रांक 10661 दिनांक 09.10.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (v) एवं 11 (ख) (i) के आलोक में संवेदक मो0 सुल्तान, पिता–मो0 शब्बी अकबर (निबंधन संख्याः–4190280 UE), ग्राम–टेढ़ी बाजार, पो0–लाल बाग, लहेरियासराय, जिला–दरभंगा, पिन कोड–846004 के निबंधन संख्याः–4190280 UE को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किया जाता है।

(हस्ताक्षर) 28.11.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–103/2025 12105 /पटना, दिनांक– 1.12.25

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक मो0 सुल्तान, पिता–मो0 शब्बी अकबर, ग्राम–टेढ़ी बाजार, पो0–लाल बाग, लहेरियासराय, जिला–दरभंगा, पिन कोड–846004 को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 28.11.25

अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–103 / 2025 12105 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.11.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–103 / 2025 12105 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28.11.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–103 / 2025 12105 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.11.25

अभियंता प्रमुख